हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

13 नहर किनारे व खेतों में सज रही 2 लाख की नाल वाली महफिल



14 अखंड सहस्त्र जलधारा अर्पण करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस अफीम मामले पर आज भाजपा कार्यालय घेरेगी

**धमतरी।** दुर्ग जिले के समोदा एवं बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद इसमें भाजपा की संलिप्ता बताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज प्रातः 11 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

### विद्युत कर्मचारी पेंशनर संघ का होली मिलन एवं सम्मान समारोह 14 को

**धमतरी।** विद्युत कर्मचारी पेंशनर संघ द्वारा 14 मार्च को होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय पावर हाउस धमतरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। संघ के अध्यक्ष ओमनलाल साहू ने बताया कि इस अवसर पर न केवल होली का पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा, बल्कि हाल ही में सेवानिवृत्त हुए विभाग के साथियों का विशेष सम्मान भी किया जाएगा। अध्यक्ष ने पेंशनर साथियों से उपस्थिति की अपील की है।

### नल-जल ऑपरेटर संघ की बैठक 17 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत नल-जल ऑपरेटर संघ की जिलास्तरीय बैठक 17 मार्च मंगलवार को रूद्रेश्वर महादेव घाट रूद्री में 11 बजे रखी गई है। संघ के कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष योगेश सेन एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि बैठक में संघ के विस्तार के लिए जिला पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। बैठक में धमतरी जिले के चारों ब्लाक कुरूद, धमतरी, मगरलोड एवं नगरी के ग्राम पंचायत नल-जल ऑपरेटरों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

### छग कुंभकार समाज का जिला अधिवेशन 15 को

**कुरुद।** छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज जिला धमतरी का वार्षिक अधिवेशन रविवार को ग्राम परखंदा में आयोजित होगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे शुरू होगा और उद्घाटन दोपहर 12 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता किसुन चक्रधारी अध्यक्ष कुम्भकार समाज जिला धमतरी करेंगे। विशेष अतिथि शंभुनाथ चक्रवर्ती अध्यक्ष माटी कला बोर्ड, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नपा कुरूद होंगे। अधिवेशन में समाज के विकास, सांस्कृतिक गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी केवल चक्रधारी ने दी है।

### काउंसिलिंग सह पंजीयन 13 को

**धमतरी।** जल जीवन मिशन के तहत जिले की प्रत्येक पंचायत में नलजल मित्र कार्यक्रम अंतर्गत चिन्हित पात्र युवाओं को बहु-कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने लाईवलीहुड कॉलेज में जल वितरण संचालक में प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इसके तहत 13 मार्च को सुबह 10 बजे लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में काउंसिलिंग सह पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने जनपद क्षेत्र से ऐसे चिन्हित पात्र युवाओं, जिनका नलजल कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन युवाओं को 13 मार्च को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।

# डुबान की बेटी जापान में करेंगी अपने विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी

## तिर्रा मिडिल स्कूल की छात्रा ने मक्के के छिलके से बनाया दोना, पत्तल

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भुट्टे के जिस छिलके को कचरा समझ कर फेंक दिया जाता है, उससे नंदनी ने दोना, पत्तल बनाकर दिखाया। वह उस समय कक्षा सातवीं में थी। इसके लिए उसने मशीन भी तैयार की। अब वह कक्षा दसवीं में है। अब जाकर उसका मॉडल अंतर्राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित हुआ है। जून माह में वह जापान में जाकर अपना मॉडल प्रदर्शित करेंगी। छत्तीसगढ़ से चार छात्रों का चयन हुआ है, जिसमें धमतरी की बेटी नंदनी भी शामिल हैं।

नंदनी सोनवानी डुबान क्षेत्र के गांव तिर्रा की रहने वाली है। वर्ष 2022 में जब वह तिर्रा मिडिल स्कूल की छात्रा थी, तब उसने इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत प्रदर्शनी में अपना यह मॉडल पेश किया था। इसके बाद वर्ष 2024 में जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर उनके मॉडल का चयन हुआ। अब वह हाईस्कूल अकलाडोंगरी में कक्षा 10वीं छात्रा है।

### 113 छात्रों का हुआ चयन

उसका मॉडल जापान में सकुरा प्रोग्राम के तहत हुआ है। उसके मॉडल के चयन होने पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और जिला शिक्षाधिकारी अभय जायसवाल ने शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही नंदनी को जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय बुलाया गया और उसका पासपोर्ट बनाने के लिए औपचारिकता पूरी की गई। पूरे देश से सकुरा प्रोग्राम के तहत 113 छात्रों का चयन हुआ है। पहले बैच में 56 छात्र जापान जाएंगे, जिसमें नंदनी भी शामिल है।





### ऐसे बनाया मॉडल

नंदनी ने भुट्टे के छिलके से दोना पत्तल बनाने की मशीन भी तैयार की है। इस मशीन में एक डाई के नीचे पत्तों को रखा जाता है। इन पत्तों को गर्म करके डाई को दबाया जाता है, जिससे पत्ते दोना या पत्तल का आकार ले लेते हैं। तत्कालीन कलेक्टर नम्रता गांधी ने भी नंदनी के इस मॉडल की प्रशंसा की थी।

## हैंडपंप दे चुके हैं जवाब, कई ले रहे अंतिम सांस

# गर्मी शुरू होते ही धीरे-धीरे गिरने लगा जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गर्मी शुरू होते ही भू-जल स्तर धीरे- धीरे गिरने लगा है। इस साल बड़े क्षेत्रफल में चना, गेहूं की खेती की गई है। इस कारण भू-जलस्तर के नीचे जाने की रफ्तार अभी कम है। गर्मी बढ़ने के साथ तेजी से जलस्तर घटेगा।

मार्च माह के शुरू होते ही गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। जिले का सालाना औसत भू-जल स्तर 18 मीटर है। गर्मी के शुरूआती चरण में औसत जलस्तर आधा मीटर नीचे चला गया है। जानकारी के अनुसार गर्मी शुरू होते ही पीएचई ने वाटर लेवल जांचना शुरू कर दिया है। 10 मार्च की स्थिति में भू-जल स्तर 18.50 मीटर था। उल्लेखनीय है कि कई गांवों में किसानों ने धान की फसल लगाई है। इन किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए दिन रात मोटरपंप चलने लगे हैं, जिसके चलते जलस्तर के तेजी से नीचे जाने की आशंका बनी हुई है। उधर पेयजल संकट से निबटने के लिए पीएचई ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। राइजिंग पाइप का स्टॉक कर लिया गया है। पीएचई विभाग में 30-35 मैकेनिक और अनुभवी हेल्पर हैं। इन सभी को अलग-अलग टीम दी गई है। ये मैकेनिक पूरे जिले को कवर कर रहे हैं। एक टीम को करीब 20 गांव का चार्ज दिया गया है जिन्होंने चार्ज सम्हाल लिया है और गांव-गांव घूमकर मरम्मत में जुट गए हैं।



### दो नल जल, 86 हैंडपंप बंद

जलस्तर में गिरावट से जलस्त्रोतों के सूखने का सिलसिला अभी से शुरू हो गया है। जिले में कुल 623 गांव हैं, जहां पर 10 हजार 183 हैंडपंप हैं। इसमें से कुल 95 हैंडपंप बंद पड़े हुए हैं। बंद हैंडपंपों में से 86 का वाटर लेवल नीचे चला गया है। बाकी हैंडपंप अन्य कारणों से बंद हैं। चिंवरी और खुसरेंगा में नलजल योजना का नलकूप सूख गया है। इन गांवों में पानी के लिए लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### रूद्री जल समूह प्रदाय योजना के लिए इंतजार

कुछ साल पहले रूद्री समूह जल प्रदाय योजना तैयार की गई थी। इस योजना के तहत गंगरेल बांध में एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की जानी थी। इससे जिले भर के 237 गांवों में पानी की सप्लाई करने का प्लान बनाया गया था। इसमें उन गांवों को भी शामिल किया गया था, जहां पर पानी की गंभीर समस्या रहती है। विडंबना यह है कि इस महत्वपूर्ण योजना को आज तक स्वीकृति नहीं मिली है।

### सर्फेस वाटर से बुझेगी 83 गांवों की प्यास

अब तक गांवों में पेयजल सप्लाई भूजल से की जा रही है। अब कुरूद क्षेत्र में सतही जल से करने की तैयारी है। बजट में सिर्री समूह जल प्रदाय योजना को मंजूरी दे दी गई है। इसके लिए बजट में नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इस योजना के तहत कुरूद क्षेत्र के 63 प्रतिशत गांवों को कवर किया जाना है। महानदी मुख्य नहर के जरिए गंगरेल बांध का पानी सिर्री तक पहुंचाया जाएगा। सिर्री में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा। इसके बाद वृहद स्तर पर पाइपलाइन बिछाकर इन गांवों की ओव्हरहेड टंकियों तक पानी पहुंचाया जाएगा।

# निगम की सामान्य सभा 30 को, बजट सहित 13 अहम प्रस्तावों पर होगी चर्चा

- महापौर रामू रोहरा वार्षिक बजट प्रस्तुत करेंगे, पार्षद शहर से जुड़े मुद्दों पर करेंगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक 30 मार्च सोमवार को सुबह 10:45 बजे निगम कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में महापौर रामू रोहरा द्वारा नगर निगम का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में कुल 13 महत्वपूर्ण प्रस्तावों और नगर विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक की शुरुआत प्रश्नोत्तर काल से होगी, जो सुबह 11 बजे से 12 बजे तक चलेगा। इस दौरान पार्षद शहर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सवाल रख सकेंगे। इसके बाद एमआईसी की अनुशंसा के आधार पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट और वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट को स्वीकृति देने पर चर्चा की जाएगी।



साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए सूखे और गीले कचरे के पृथक्करण व प्रबंधन हेतु संयंत्र स्थापित करने तथा पहले से स्थापित संयंत्रों के उन्नयन और आगामी पांच वर्षों के संचालन संबंधी प्रस्तावों पर भी विचार होगा। शहर के दैनिक और साप्ताहिक बाजार का नाम मां शाकंभरी हाट बाजार रखने, प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों का नामकरण महान व्यक्तित्वों के नाम पर करने और संकेतक बोर्ड लगाने के प्रस्ताव भी ▶▶ शेष पेज 12 पर

डीपीएस स्कूल के पास हुआ हादसा

# पहिया बदल रहे पिकअप चालक व क्लीनर को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

तरबूज से भरी पिकअप के पंचर पहिया को बदल रहे चालक व क्लीनर को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में पिकअप चालक का शरीर दो टुकड़ा हो गया। वहीं क्लीनर भी घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम भेण्ड्री निवासी चेतन साहू पिता ऐमन उम्र 25 वर्ष पिकअप चलाने का काम करता था। वहीं गांव के तरूण साहू उम्र 18 वर्ष कंडक्टर का काम करता है। मंगलवार की रात्रि चेतन पिकअप क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 8948 में भानपुर से तरबूज भरकर धमतरी होते हुए कुरूद की तरफ जा रहा था। इसी दौरान रात्रि में नेशनल हाईवे से गुजर रही तरबूज से भरी पिकअप का एक पहिया संबलपुर के आगे डीपीएस स्कूल के पास पंचर हो गया। चालक ने पिकअप को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। दोनों मिलकर पिकअप का पंचर पहिया बदलने में जुट गए। इसी दौरान जगदलपुर की ओर से आयरन ओर कच्चा लोहा भरकर रायपुर जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 17 केयू 7583 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक चलाकर पंचर पिकअप का पहिया बदल रहे चालक व क्लीनर को अपनी चपेट में ले लिया।





ट्रक की स्पीड इतनी अधिक थी कि पिकअप चालक को रौंदते हुए आगे जाकर पलट गई। ट्रक के रौंदने से पिकअप चालक का शरीर दो टुकड़ा हो गया। उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं क्लीनर तरूण के हाथ में चोट लगी है। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान, डूमन साहू, योगेश साहू व अमन साहू तत्काल मौके पर पहुंचे और मृतक को जिला अस्पताल पहुंचाकर मर्च्यूरी में शिफ्ट किया। वहीं घायल युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पहुंची अर्जुनी पुलिस ने टोल प्लाजा के क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना मंगलवार की मध्य रात्रि लगभग 1 बजे की बताई जा रही है।

# बालक चौक में सड़क घेरने वाले ठेले हटाए गए, सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- नगर निगम की टीम ने की कार्रवाई

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नगर निगम की टीम ने बालक चौक कांप्लेक्स के सामने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। लंबे समय से यहां जूता-चप्पल और फल के ठेले सड़क किनारे लगाए जा रहे थे, जिससे मार्ग संकरा हो गया था और राहगीरों के साथ वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे रखे टिन टप्पर, कैरेट और अन्य सामान को हटाते हुए जब्त किया। कार्रवाई के दौरान ठेला संचालकों को समझाइश दी गई कि सार्वजनिक स्थानों और सड़क किनारे इस तरह दुकान लगाने से यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा ने बताया कि बालक चौक शहर का अत्यंत व्यस्त क्षेत्र है, जहां दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। सड़क पर ठेले लगने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। उन्होंने ठेला संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में दोबारा सड़क पर अतिक्रमण किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# युवक ने घर के सिलिंग फेन में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर के सिलिंग फेन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन निवासी भावेश साहू पिता कोमल उम्र 17 वर्ष गांव में स्थित अगरबत्ती दुकान में काम करता था। मंगलवार की रात्रि युवक ने अपने घर के कमरे का दरवाजा भीतर से बंद कर सिलिंग पंखा में साड़ी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह युवक को कमरे से नहीं निकलता देख परिजनों ने आवाज लगाते हुए दरवाजा को धक्का दिया, लेकिन दरवाजा भीतर से बंद होने के कारण नहीं खुला। कमरे की खिड़की से झांकने पर युवक फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस को दी। पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंचकर किसी तरह दरवाजे को खोल कमरे के भीतर पहुंची जहां युवक पंखे से लटका हुआ था। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।



ग्राम अछोटा की घटना



# तालाब में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रात्रि में फाग कार्यक्रम देखने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अछोटा में सोमवार की रात्रि फागगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। गांव के त्रिशंक ध्रुव पिता वीरेंद्र उम्र 21 वर्ष रात्रि में कार्यक्रम देखने गया था, जो मंगलवार की सुबह तक घर नहीं लौटा। युवक के घर नहीं पहुंचने पर परेशान परिजनों ने रिश्तेदारों में व आसपास तलाश शुरु कर दी। रात्रि तक तलाश करने के बाद भी युवक का कहीं पता नहीं चला। बुधवार की सुबह गांव के तालाब में नहाने गए ग्रामीणों ने पानी में एक युवक का शव देखा। जानकारी होने पर युवक की तलाश कर रहे परिजनों ने घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाया। शव की पहचान सोमवार की रात्रि से लापता त्रिशंक ध्रुव के रूप में हुई। पंचनामा की कार्रवाई कर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। युवक की तालाब में डूबने से मौत होने की आशंका जताई गई है।

## कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिला पंचायत में दिया गया फर्स्ट एड एवं सीपीआर प्रशिक्षण

# अधिकारी-कर्मचारियों ने सीखा प्राथमिक उपचार और सीपीआर की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर कलेक्टोरेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एक दिवसीय फर्स्ट एड एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभा कक्ष में किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य दुर्घटना, अचानक स्वास्थ्य संकट या अन्य आपात स्थितियों में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने से पहले सही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने की जानकारी देना था। मास्टर प्रशिक्षक डॉ. आदित्य सिन्हा, मनोज साहू और सत्यप्रकाश प्रधान ने प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार की महत्वपूर्ण तकनीकों की जानकारी दी।





प्रशिक्षकों ने बताया कि दुर्घटना या स्वास्थ्य संकट की स्थिति में शुरुआती कुछ मिनट बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। यदि समय पर सही प्राथमिक उपचार दिया जाए तो कई गंभीर परिस्थितियों को नियंत्रित किया जा सकता है और पीड़ित व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान घाव पर पट्टी बांधने, रक्तस्राव रोकने, जलने-कटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार, हड्डी टूटने पर सावधानियां तथा बेहोशी की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी गई।

प्रतिभागियों को सीपीआर (कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन) की व्यावहारिक ट्रेनिंग भी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति की सांस या हृदय की धड़कन अचानक रुक जाए तो सीपीआर तकनीक के माध्यम से उसकी जान बचाई जा सकती है। इस दौरान प्रतिभागियों को इसका अभ्यास भी कराया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर, चेयरमेन प्राप्ति वाशानी तथा डिप्टी कलेक्टर बी. इक्का ने भी प्रशिक्षण की उपयोगिता बताते हुए सभी को रेडक्रॉस से जुड़कर मानव सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आकाश गिरी गोस्वामी, डॉ. गुरुशरण साहू, खोमन लाल साहू, सर्वेश नेताम और मूल संजीवन का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा



**जगदलपुर।** छग विधिक सेवा समिति कि बैठक शहीद पार्क में प्रांतीय उपाध्यक्ष गोपेन्द्र शार्दुल कि अध्यक्षता व प्रांतीय महासचिव सूरज निर्मलकर, संभागीय अध्यक्ष केदारनाथ शर्मा के मार्ग दर्शन में आहूत किया गया। जिसमें अध्यक्ष ने न्यायालयीन प्रकरणों की प्रगति, आगामी दिनों कि कार्यक्रम कि रणनीति बनाने और संगठन विस्तार सहित ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित करने के दायित्वों पर चर्चा हुई। आभार प्रदर्शन प्रांतीय महासचिव सूरज निर्मलकर ने किया।

### नुक्कड़ नाटक से दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश



**जगदलपुर।** कुम्हरावंड स्थित शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण अंचल में महिलाओं के बीच शिक्षा के प्रति अलख जगाने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अत्यंत प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया, जिसके माध्यम से उन्होंने गाँव की महिलाओं को शिक्षा के महत्व से रूबरू कराया और बेटियों को शिक्षित करने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरएस नेताम उपस्थित रहे, जिनके मार्गदर्शन में छात्रों ने सामाजिक जागरूकता का यह अभियान चलाया। कार्यक्रम की सफलता में मातृ शक्ति के रूप में डॉ. सोनाली कर के साथ-साथ डॉ. पदमाक्षी ठाकुर, डॉ. चेतना खांडेकर, डॉ. विनीता पांडेय, डॉ. गुंजा ठाकुर, सोमा बंछोर, शालिनी मिश्रा और ऋचा धुरंधर ने अपनी विशेष भागीदारी सुनिश्चित की। इन महिला विशेषज्ञों ने ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के अधिकारों और उनकी प्रगति पर जोर दिया।
इस अवसर पर डॉ. एके ठाकुर ,डॉ. आरआर कंवर ,डॉ. पीके सलाम और एमबी तिवारी सहित महाविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### झूलेलाल जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य वाहन रैली और शोभायात्रा

**जगदलपुर।** सिंधी समाज के ईष्टदेव साईं झूलेलाल के अवतरण दिवस चेटीचंड पर्व को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। हिंदू नववर्ष,चैत्र नवरात्रि और मराठी नववर्ष गुड़ी पड़वा के साथ मनाए जाने वाले इस पर्व पर सिंधी समाज द्वारा विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में सिंधी गुरुद्वारा में समाज की बैठक आयोजित कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। निर्णय अनुसार 14 मार्च से गुरुद्वारा में श्री गुरुग्रंथ पाठ साहिब का आरंभ होगा। वहीं 19 मार्च की शाम सिंधु भवन में भजन-कीर्तन और भक्ति संगीत संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें धमतरी से आए भजन गायक हितेश जग्यासी और रोशनी जग्यासी भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### निगम की सामान्य सभा 30 को, बजट सहित 13 अहम प्रस्तावों पर होगी चर्चा

एजेंडे में शामिल हैं। इसके अलावा सरोवर धरोहर योजना, उद्यानों के विकास, दानीटोला स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी स्व. लखन सिंह साहू के नाम पर करने तथा अन्य विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा की जाएगी।

गुजरा में होली पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया

# गुजरा में 100 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत गुजरा में होली पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। श्री सियाराम सेवा समिति द्वारा होली मिलन के साथ रिटायर्ड शिक्षक व शासकीय कर्मचारियों का सम्मान किया गया। 100 से अधिक शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों का सम्मा मिठाई , श्रीफल, फूलों का गुलदस्ता भेंटकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित सुनील तिवारी ज्योतिषाचार्य ने किया। इस दौरान श्रीमती अनुसुइया साहू, भारती तिवारी , पुष्पांजलि तिवारी, जसोदा साहू, मोक्षम साहू, यमुना साहू , सुषमा साहू, पुष्पलता साहू, वेदश्री तिवारी का सम्मान सरपंच श्रीमती दुर्गेश्वरी साहू व जनपद सदस्य फागेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच



श्रीमती शांति बाई ध्रुव ने किया। इसके बाद रिटायर्ड शिक्षक रेवाराम विश्वकर्मा, सीआर निषाद, गैंदलाल ध्रुव का सम्मान पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंद साहू एवं अमरदीप साहू द्वारा किया गया। कामता साहू, शिव कुमार गंजीर, दामन साहू, रिकेश साहू, युधिष्ठिर, नीलम अंगारे, डोमनलाल साहू, डोमन ध्रुव शिक्षकों का सम्मान सुनील तिवारी ज्योतिषाचार्य, अशोक कुमार साहू, राजेश निषाद, बालमुकुंद साहू असावा राम साहू द्वारा किया गया। सहकारिता विभाग से खेमूराम साहू, नगर सैनिक अनिल तिवारी, सब इंस्पेक्टर थानेश्वर साहू, वित्त अधिकारी रामानंद कुंजाम, आर्मी मैन भारत ध्रुव, पूर्व पंचायत इंस्पेक्टर श्रवण साहू, फागू राम पटेल, चौथ पटेल, दिनेश साहू, यशवंत साहू का सम्मान सरपंच प्रतिनिधि खिलेश्वर सोनकले, द्विजराम सोनकले, रेख राम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति द्वारा किया गया। नव्या क्लिनिक के संचालक डॉ राजेश साहू, डॉ डामेश गंगवेर का सम्मान ग्राम पटेल नंदलाल साहू, शत्रुघ्न साहू द्वारा किया गया। अधिकारी-कर्मचारियों ने कहा कि गुजरा के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आगे लाने में हम हरसंभव उनकी मदद करेंगे।

## सरकारी राशन दुकानों में अवैध ठेकेदारी की शिकायत

- समूह की महिलाओं ने जांचकर उचित कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महिला समूह की राशन दुकानों में अवैध ठेकेदारी का मामला सामने आया है। समूह की महिलाओं ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत कर राशन दुकानों की ठेकेदारी पर लगाम लगाने की मांग की है।

मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंची महिला समूह की खेमलता, संतोषी, अम्बा, आशा, कमलेश्वरी, गोदावरी, राजकुमारी ने कलेक्टर को आवेदन देकर कहा है कि राशन दुकानों के संचालन के लिए सरकार ने महिला स्वसहायता समूह को जिम्मेदारी सौंपी है। एक खाद्य अधिकारी जो धमतरी में कार्यरत थे, उन्होंने महिलाओं को प्रतिमाह पैसे का लालच देकर उनके समूह की राशन दुकानों को स्वयं चला रहे हैं जिसमें रिसाईपारा पश्चिम, रामपुर वार्ड, रूद्री, करेठा, सोरम, अर्जुनी, अछोटा, बंजारी, पोटियाडीह, मथुराडीह, बागोडार समूह शामिल है। प्रीति महिला स्वसहायता समूह रिसाईपारा पश्चिम और मथुराडीह की राशन दुकान चलाती है। इस समूह में अध्यक्ष के अलावा कोई महिला समूह नहीं है। समूह को फर्जी तरीके से बनाया गया है। सभी राशन दुकानों का दैनिक कार्य डीडी बनाना, विक्रेताओं को वेतन देना रूद्री राशन दुकान के विक्रेता द्वारा किया जाता है। शहरी दुकानों में अवैध राशन लेनदेन का कार्य करवाया जाता है। आपत्ति करने पर विक्रेता को प्रताड़ित कर दुकान से निकाल दिया जाता है। समूह की महिलाओं ने उचित कार्रवाई की मांग की।

### पेंशनर्स समाज ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## महिलाएं राष्ट्र, प्रदेश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं : इंद्राणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी द्वारा जोन स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के योगदान और समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव थीं। अध्यक्षता पेंशनर्स समाज की इंद्राणी मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि आरएल देव, एएल बनपेला तथा नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा व पार्षदगण थे।



इंद्राणी मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं आज राष्ट्र, प्रदेश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रही हैं। अलका गजपाल ने महिलाओं को प्रथम पूज्य बताते हुए समाज में उनकी महिमा का उल्लेख किया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं शक्ति का स्वरूप हैं और आज वे पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर देश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं। मौके पर

पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष आरएल देव, संरक्षक एएल बनपेला, सचिव पीआर चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जीएस वर्मा, डीएस ध्रुव, शकुन कश्यप, एलएस गजपाल, अलका गजपाल, योगेंद्र गौर, जेके साहू, शारदा प्रसाद ग्वाले, नरेश ध्रुव, यशवंत नाग, एसके नाग, मोहन साहू सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आयोजन नगरी जोन प्रभारी एलएस गजपाल तथा पेंशनर्स समाज के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को होली हार, शाल, श्रीफल, गमछा और पानी की बोतल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# भक्ति गीतों पर लोग झूमे, दिखा उत्साह





- भेण्डरवानी और रींवागहन में फाग गीत सम्मेलन का हुआ आयोजन
- लोग हमारी प्राचीन संस्कृति को भूलते जा रहे : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



क्षेत्र में इस वर्ष होली का पर्व बड़े ही उत्साह और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। ग्राम भेण्डरवानी और रींवागहन में फाग गीत सम्मेलन और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध फाग मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भेण्डरवानी में आयोजित फाग गीत सम्मेलन में श्री दाई के दुलरवा नवरत्न झांकी मंडली पटपर डोंगरगढ़ ने अपनी प्रस्तुति से विशेष छाप छोड़ी। मंडली ने माता डोंगरगढ़ के नवरूप की झांकी प्रस्तुत कर भक्तिमय वातावरण बना दिया, जिससे दर्शक झूम उठे। वहीं ग्राम रींवागहन में आयोजित फाग गीत प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच देववती हुलार सिंह कोराम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवती साहू ने की।

प्रतियोगिता में श्री कृष्णा देवरिया चौराहा फाग मंडली नंदगांव, लोक चिन्हारी फाग मंडली सिकोसा, शिव शक्ति फाग मंडली कसही और नवरत्न झांकी मंडली पटपर डोंगरगढ़ ने अपनी पारंपरिक फाग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला और भक्ति गीतों पर लोग झूमते नजर आए।

समापन अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंद साहू ने कहा कि होली असत्य पर सत्य की जीत और प्रेम-भाईचारे का पर्व है। जनपद सदस्य भारती साहू ने कहा कि फाग गीतों के माध्यम से हमारी प्राचीन संस्कृति और परंपराओं की झलक मिलती है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल लोग हमारी प्राचीन संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं और बच्चों को परंपराओं से जोड़ने तथा नशा-मुक्त और सांस्कृतिक तरीके से होली मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जोरातराई में महिला दिवस व महतारी वंदन सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम जोरातराई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परियोजना स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अन्नप्राशन कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया तथा महतारी वंदन योजना और जननी सुरक्षा योजना के हितग्राहियों ने उन्हें मिलने वाली राशि का उपयोग किस प्रकार करते हैं, इसकी जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद ने की। विशेष अतिथि श्रीमती पूजा सिन्हा जिला पंचायत सदस्य, कुलेश्वरी गायकवाड़ जिला पंचायत सदस्य, आनंद यदु जनपद सदस्य, ललिता भतपरी जनपद सदस्य, डिगेश्वरी देवांगन जनपद सदस्य, गंगा साहू जनपद सदस्य, पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, शेखन साहू सरपंच गातापार और ईश्वर निषाद उपसरपंच उपस्थित थे।

मंच संचालन प्रकाश निषाद ने किया। इस अवसर पर सरिता कुशवाहा, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास कुरुद, सभी पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं तथा महतारी वंदन योजना के हितग्राही बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### रानीगांव में महिला दिवस के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया

# बुजुर्ग महिलाओं के पैर दूध और गंगाजल से धोये

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत रानीगांव और स्व-सहायता समूह अंजनी, रानीगांव, सारंगपुरी के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानस मंच अंजनी में हुआ, जहां क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। मुख्य अतिथि जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी



थी। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता रानीगांव के सरपंच कुशलाल चतुर ने की।

विशेष अतिथि बेलरगांव भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी ठाकरे, मोतीलाल दिवाकर, उपसरपंच चिंताराम, सोना बाई साहू, रामेश्वरी चतुर, मनटोरा बाई देवांगन, रामबाई तिवारी, बिन्दा बाई नेताम, ननकी बाई नेताम, विद्या बाई साहू, सुखिया बाई कुंजाम, जगोती बाई कुंजाम, रेणुका गोसाई, सुलोचना सोम, भानबती नेताम, कांति देवी साहू, ईश्वर पाण्डे, महेश पुजारी, रामरतन ध्रुव, काशीराम चौहान, आनंदराम सेन थे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गांव की बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान एक भावुक और सम्मानजनक दृश्य देखने को मिला जब अतिथियों ने बुजुर्ग महिलाओं के पैर दूध और गंगाजल से धोये। चंदन-वंदन कर तिलक लगाया तथा उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। महिलाओं को समाज की धुरी बताते हुए उनके योगदान की सराहना की गई।

## दिवंगत प्रधानपाठक के परिवार को दी संवेदना पुष्प राशि

**नगरी।** सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक शाखा द्वारा दिवंगत प्रधान पाठक स्व. नरेंद्र सोनसाठ के निवास पहुंचकर उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। संगठन के प्रांतीय महामंत्री राजेन्द्र वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य गजानंद सोन, सचिव गोविंद निषाद एवं अंकेक्षक अनिल साहू ने बताया कि संगठन द्वारा विगत कई वर्षों से दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों को उनके निवास स्थान पहुंचकर संवेदना पुष्प राशि प्रदान की जाती है।

इसी क्रम में स्व. नरेंद्र सोनसाठ के निवास ग्राम कूपपारा सांकरा पहुंचकर उनके तैल चित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। इसके बाद उनकी धर्मपत्नी भागबती साहू, बेटी नमिता साहू और माया साहू तथा साला संतोष साहू को संगठन की ओर से शॉल, श्रीफल एवं 76,000 का चेक प्रदान कर संवेदना पुष्प राशि अर्पित की गई।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष ममता प्रजापति, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शशिकला बैरागी, सुश्री चन्द्रकला नवरंगे प्रवक्ता, चंपेश्वर साहू कोषाध्यक्ष, भरत ठगेल उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य बसंत साहू, सुजीत देवांगन, हरीश निर्मलकर सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। संगठन ने परिवार को अनुकंपा नियुक्ति, अवकाश नकदीकरण एवं समूह बीमा राशि दिलाने में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। भागबती साहू ने संगठन के इस सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

न्याय./ क्यु, क्रमांक

दिनांक 11/03/2026
प्रो.क्र. - 407/26

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, अपीलार्थी के द्वारा आप उत्तरवादी वगैरह के विरूध्द एक अपील आदेश 41 नियम 01 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसका अपील व्य.वाद.क्र. (अपंजीकृत) श्रीमती अन्नपुर्णा साहू बनाम मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स वगैरह लंबित है, जिसमें उत्तरवादी क्रमांक 01 मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स कुरूद पंजीकृत भागीदार फर्म द्वारा मैनेजिंग पार्टनर श्री एन.के. शर्मा गायत्री मंदिर के पास कुरूद तहसील कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) तथा उत्तरवादी क्रमांक 02 नारायण कुमार शर्मा आयु 74 वर्ष आत्मज श्री बाके बिहारी शर्मा निवासी गुजराती कालोनी धमतरी तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) को अपील में उत्तरवादी के रूप में संयोजित किया गया है, जिसकी उपस्थिति/ तामिली हेतु सूचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 13/04/2026 को आप उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 की उपस्थिति हेतु नियत की गयी है, तथा नियत पेशी तारिख को उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारिख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। अगर उक्त पेशी दिनांक को किसी भी प्रकार से अवकाश घोषित हो जाता है, तो आगामी पेशी दिनांक को अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

**(राधेश्याम ध्रुव)**
**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

न्याय./ क्यु, क्रमांक

दिनांक 11/03/2026
प्रो.क्र. - 408/26

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, अपीलार्थी के द्वारा आप उत्तरवादी वगैरह के विरूध्द एक अपील आदेश 41 नियम 01 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसका अपील व्य.वाद.क्र. (अपंजीकृत) श्रीमती तिलोत्तमा साहू बनाम मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स वगैरह लंबित है, जिसमें उत्तरवादी क्रमांक 01 मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स कुरूद पंजीकृत भागीदार फर्म द्वारा मैनेजिंग पार्टनर श्री एन.के. शर्मा गायत्री मंदिर के पास कुरूद तहसील कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) तथा उत्तरवादी क्रमांक 02 नारायण कुमार शर्मा आयु 74 वर्ष आत्मज श्री बाके बिहारी शर्मा निवासी गुजराती कालोनी धमतरी तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) को अपील में उत्तरवादी के रूप में संयोजित किया गया है, जिसकी उपस्थिति / तामिली हेतु सूचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 13/04/2026 को आप उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 की उपस्थिति हेतु नियत की गयी है, तथा नियत पेशी तारिख को उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारिख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। अगर उक्त पेशी दिनांक को किसी भी प्रकार से अवकाश घोषित हो जाता है, तो आगामी पेशी दिनांक को अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

**(राधेश्याम ध्रुव)**
**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

न्याय./ क्यु, क्रमांक

दिनांक 11/03/2026
प्रो.क्र. - 409/26

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, अपीलार्थी के द्वारा आप उत्तरवादी वगैरह के विरूध्द एक अपील आदेश 41 नियम 01 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसका अपील व्य.वाद.क्र. (अपंजीकृत) भुपेन्द्र साहू बनाम मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स वगैरह लंबित है, जिसमें उत्तरवादी क्रमांक 01 मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स कुरूद पंजीकृत भागीदार फर्म द्वारा मैनेजिंग पार्टनर श्री एन.के. शर्मा गायत्री मंदिर के पास कुरूद तहसील कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग.) तथा उत्तरवादी क्रमांक 02 नारायण कुमार शर्मा आयु 74 वर्ष आत्मज श्री बाके बिहारी शर्मा निवासी गुजराती कालोनी धमतरी तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) को अपील में उत्तरवादी के रूप में संयोजित किया गया है, जिसकी उपस्थिति / तामिली हेतु सूचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 13/04/2026 को आप उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 की उपस्थिति हेतु नियत की गयी है, तथा नियत पेशी तारिख को उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारिख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। अगर उक्त पेशी दिनांक को किसी भी प्रकार से अवकाश घोषित हो जाता है, तो आगामी पेशी दिनांक को अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

**(राधेश्याम ध्रुव)**
**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

न्याय./ क्यु, क्रमांक

दिनांक 11/03/2026
प्रो.क्र. - 410/26

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, अपीलार्थी के द्वारा आप उत्तरवादी वगैरह के विरूध्द एक अपील आदेश 41 नियम 01 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसका अपील व्य.वाद.क्र. (अपंजीकृत) विनोद चन्द्राकर बनाम मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स वगैरह लंबित है, जिसमें उत्तरवादी क्रमांक 01 मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स कुरूद पंजीकृत भागीदार फर्म द्वारा मैनेजिंग पार्टनर श्री एन.के. शर्मा गायत्री मंदिर के पास कुरूद तहसील कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) तथा उत्तरवादी क्रमांक 02 नारायण कुमार शर्मा आयु 74 वर्ष आत्मज श्री बाके बिहारी शर्मा निवासी गुजराती कालोनी धमतरी तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) को अपील में उत्तरवादी के रूप में संयोजित किया गया है, जिसकी उपस्थिति / तामिली हेतु सूचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 13/04/2026 को आप उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 की उपस्थिति हेतु नियत की गयी है, तथा नियत पेशी तारिख को उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारिख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। अगर उक्त पेशी दिनांक को किसी भी प्रकार से अवकाश घोषित हो जाता है, तो आगामी पेशी दिनांक को अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

**(राधेश्याम ध्रुव)**
**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

न्याय / क्यु / क्रमांक दिनांक 11/03/2026
प्रो. क्र. 411/26

**//आम सूचना//**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, अपीलार्थी के द्वारा आप उत्तरवादी वगैरह के विरूध्द एक अपील आदेश 41 नियम 01 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसका अपील व्य.वाद.क्र. (अपंजीकृत) छाया देवी ढीमर बनाम मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स वगैरह लंबित है, जिसमें उत्तरवादी क्रमांक 01 मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स कुरूद पंजीकृत भागीदार फर्म द्वारा मैनेजिंग पार्टनर श्री एन.के. शर्मा गायत्री मंदिर के पास कुरूद तहसील कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) तथा उत्तरवादी क्रमांक 02 नारायण कुमार शर्मा आयु 74 वर्ष आत्मज श्री बाके बिहारी शर्मा निवासी गुजराती कालोनी धमतरी तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) को अपील में उत्तरवादी के रूप में संयोजित किया गया है, जिसकी उपस्थिति/तामिली हेतु सुचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 13/04/2026 को आप उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 की उपस्थिति हेतु नियत की गयी है, तथा नियत पेशी तारिख को उत्तरवादी क्रमांक 01व 02 स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारिख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। अगर उक्त पेशी दिनांक को किसी भी प्रकार से अवकाश घोषित हो जाता है, तो आगामी पेशी दिनांक को अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

**(राधेश्याम ध्रुव)**
**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अति. जिला न्यायाधीश कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

न्याय / क्यु / क्रमांक दिनांक 11/03/2026
प्रो. क्र. 412/26

**//आम सूचना//**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, अपीलार्थी के द्वारा आप उत्तरवादी वगैरह के विरूध्द एक अपील आदेश 41 नियम 01 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसका अपील व्य.वाद.क्र. (अपंजीकृत) गिरधर गोपाल यादव बनाम मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स वगैरह लंबित है, जिसमें उत्तरवादी क्रमांक 01 मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स कुरूद पंजीकृत भागीदार फर्म द्वारा मैनेजिंग पार्टनर श्री एन.के. शर्मा गायत्री मंदिर के पास कुरूद तहसील कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) तथा उत्तरवादी क्रमांक 02 नारायण कुमार शर्मा आयु 74 वर्ष आत्मज श्री बाके बिहारी शर्मा निवासी गुजराती कालोनी धमतरी तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) क्रो अपील में उत्तरवादी के रूप में संयोजित किया गया है, जिसकी उपस्थिति/तामिली हेतु सुचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 13/04/2026 को आप उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 की उपस्थिति हेतु नियत की गयी है, तथा नियत पेशी तारिख को उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारिख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। अगर उक्त पेशी दिनांक को किसी भी प्रकार से अवकाश घोषित हो जाता है, तो आगामी पेशी दिनांक को अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

**(राधेश्याम ध्रुव)**
**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अति. जिला न्यायाधीश कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

न्याय / क्यु / क्रमांक दिनांक 11/03/2026
प्रो. क्र. 413/26

**//आम सूचना//**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, अपीलार्थी के द्वारा आप उत्तरवादी वगैरह के विरूध्द एक अपील आदेश 41 नियम 01 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसका अपील व्य.वाद.क्र. (अपंजीकृत) गौतम फरिकार बनाम मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स वगैरह लंबित है, जिसमें उत्तरवादी क्रमांक 01 मे. बाला जी लेंड डेव्हलपर्स कुरूद पंजीकृत भागीदार फर्म द्वारा मैनेजिंग पार्टनर श्री एन.के. शर्मा गायत्री मंदिर के पास कुरूद तहसील कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) तथा उत्तरवादी क्रमांक 02 नारायण कुमार शर्मा आयु 74 वर्ष आत्मज श्री बाके बिहारी शर्मा निवासी गुजराती कालोनी धमतरी तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) को अपील में उत्तरवादी के रूप में संयोजित किया गया है, जिसकी उपस्थिति/तामिली हेतु सुचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 13/04/2026 को आप उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 की उपस्थिति हेतु नियत की गयी है, तथा नियत पेश तारिख को उत्तरवादी क्रमांक 01 व 02 स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारिख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। अगर उक्त पेशी दिनांक को किसी भी प्रकार से अवकाश घोषित हो जाता है, तो आगामी पेशी दिनांक को अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

**(राधेश्याम ध्रुव)**
**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश धमतरी के अति. जिला न्यायाधीश कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**खबर संक्षेप**

## अवैध व्यापार को रोकने मंडी के बेरियर में वाहनों की कर रहे तलाशी



**जगदलपुर।** अवैध व्यापार धान और अन्य उपजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए, मंडी के बेरियर (नाकों) पर कृषि उपज मंडी के कर्मचारी सक्रिय हैं। इन चेकिंग अभियानों में संदेहास्पद वाहनों की अनिवार्य तलाशी ली जा रही है, और बिचौलियों द्वारा अवैध परिवहन को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी की जा रही है। कर्मचारी अंतर्राज्यीय चेकपोस्टों पर वाहनों की गहन तलाशी ले रही हैं। अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर वाहनों को जब्त की जाएगी। अवैध व्यापारा मिलने पर प्रकरणों को छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा। कड़ी निगरानी को लेकर व्यापारियों एवं वाहन चालकों में खासी नाराजगी है। मंडी के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध व्यापार को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए मंडी प्रशासन ने धनपूंजी बेरियर में कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

## त्वरण योजना के तहत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट संपन्न

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण और क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा हॉल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम प्रदर्शन संवर्धन एवं त्वरण योजना के अंतर्गत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट समन्वय बैठक एवं कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक अजित सुंदर बिलुंग ने उपस्थित लीड बैंक प्रबंधक, बैंक प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं हितग्राहियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने इस विशेष योजना के उद्देश्यों और इसके अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए जिले में स्थापित किए जा सकने वाले संभावित उद्योगों पर विस्तार से चर्चा की।

## कोड़ेनार बना ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम

**जगदलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन और निरंतर जन-संवाद के सार्थक परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं, जिसके फलस्वरूप जनपद पंचायत बास्तानार की ग्राम पंचायत कोड़ेनार ने ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम होने का गौरव हासिल किया है। इस परिवर्तन की नींव गांव की उन बुनियादी समस्याओं के समाधान से रखी गई, जहां बाजार और घरों से निकलने वाले कचरे के कारण ग्रामीण लंबे समय से परेशान थे। चूंकि स्वच्छता का सीधा संबंध खान-पान से होता है और दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं बाजार से आती हैं, इसलिए गांव को स्वच्छ बनाने की मुहिम की प्रभावी शुरूआत भी बाजारों से ही की गई। खुले में कचरा फेंकने की इस प्रवृत्ति को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन ने सीधा मोर्चा संभाला, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बास्तानार सहित ब्लॉक और कलस्टर समन्वयकों ने स्वयं मौजूद रहकर ग्रामीणों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से निरंतर संवाद स्थापित किया।

### वनमंत्री ने पर्यटन विकास कार्यों की प्रगति देखी, प्रकृति संरक्षण को दी प्राथमिकता

# ठेमली आईलैंड प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप गंगरेल के ठेमली आईलैंड बोट से पहुंचे। उन्होंने यहां संचालित पर्यटन विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि ठेमली आईलैंड प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल है, जिसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करते समय पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि ठेमली आईलैंड को सुनियोजित ढंग से विकसित कर इसे प्रदेश के प्रमुख ईको-टूरिज्म स्थलों में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे आने वाले समय में यह स्थान पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में स्थानीय प्राकृतिक स्वरूप को यथावत रखते हुए पर्यटकों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक सुविधाएं विकसित की जाएं। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष औषधि पादप बोर्ड विकास मरकाम, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी विकास योजना) अरुण पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने पर्यटन विकास को बेहतर और टिकाऊ बनाने के संबंध में अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।



### रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मंत्री को यहां प्रस्तावित पर्यटन विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए पाथवे निर्माण, व्यू प्वाइंट, वॉच टॉवर सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इन कार्यों से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

### क्षेत्रीय विकास को मिलेगी गति

वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने पर्यटन विकास से संबंधित कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना में प्रकृति पर्यटन (ईको-टूरिज्म) की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की गई हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।

# सांकरा में नंदी मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा एवं रामायण 17 को

**नगरी।** सांकरा के नंदी चौक की पहचान नंदी की मूर्ति से हुआ करती थी। यह मूर्ति न सिर्फ चौक की रौनक थी बल्कि आसपास के लोगों और व्यापारियों की आस्था का केंद्र भी थी। कई व्यापारी ऐसे हैं जो नंदी महाराज से आशीर्वाद लेकर ही अपना कारोबार शुरू करते हैं। विभिन्न पर्व व धार्मिक उत्सवों के अवसर पर नंदी मूर्ति के आसपास खास माहौल रहता था लेकिन विगत दिनों नंदी चौक में पूर्व में स्थापित नंदी की मूर्ति को दूसरे स्थान ले जाया गया। उसके बाद से नंदी चौक के सभी दुकानदार चौक में सूनापन महसूस कर रहे थे। चौक का न सिर्फ नाम बल्कि पहचान भी नंदी के नाम पर थी। मूर्ति हटने से पहचान ही खो गयी थी। पुराना वैभव लौटाने के किए आसपास के लोगों व दुकानदारों ने बैठक लेकर चर्चा की, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नंदी चौक के पुराने स्थान पर फिर मूर्ति स्थापना की जाएगी। प्रस्ताव पारित करते हुए नंदी समिति का गठन किया गया। ग्रामीणों का सहयोग लेकर नंदी मूर्ति की स्थापना का निर्णय लिया गया ताकि कोई व्यक्ति विशेष मूर्ति पर अपना अधिकार जताते हुए उसे अन्यत्र न ले जा सके।



सांकरा के लोगों ने नंदी चौक में नंदी महाराज की फिर से स्थापना के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाया, जिससे नंदी चौक में नंदी बाबा की मूर्ति बनकर तैयार हो गयी है। पश्चिम बंगाल के मूर्ति कलाकार को बुलाकर भव्य मूर्ति बनवाई गई है। 17 मार्च को पंडित डोमन प्रसाद द्वारा पूरे विधि विधान से वेदी पूजा का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। कार्य के सफल संचालन हेतु अध्यक्ष मनोज कश्यप, उपाध्यक्ष पवन साहू, कल्याण मत्स्यपाल, सचिव डिगेश्वर साहू, कोषाअध्यक्ष नेहरू साहू, मीडिया प्रभारी राजू साहू सहित नंदी चौक के व्यापारी व ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# महिला शक्तियों ने खेलों में किया दमदार प्रदर्शन



- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंडोर स्टेडियम में हुई खेल प्रतियोगिता
- महिलाएं समाज और राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण स्तंभ : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इंडोर स्टेडियम आमातालाब रोड में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन और जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि महिलाएं परिवार की आधारशिला होने के साथ ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा ने की। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर समाज में सशक्त पहचान बना रही हैं। विशिष्ट अतिथि नेहरू निषाद ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि महिलाएं शिक्षा, खेल, विज्ञान और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के 12 ग्रामीण अभ्यास केंद्र रांवा, संबलपुर, मुजगहन, रामपुर, दर्रा, सिंधौरीकला, अमलीडीह, हसदा, मारागांव, सांकरा, कुकरेल और दुगली को अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप से खेल सामग्री प्रदान की गई। योग, बैडमिंटन,टेबल टेनिस, शतरंज, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग और कराते में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मंच संचालन सुरेश साहू व आभार व्यक्त सहायक जिला खेल अधिकारी जगतपति देव ने किया।

# मारवाड़ी राजस्थानी गौड़ महिलाओं ने मनाया गणगौर उत्सव

- यह पर्व होली के रंगोत्सव धुलेड़ी से शुरू होकर 16 दिनों तक चलता है

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजस्थान के प्रमुख पारंपरिक पर्वों में शामिल गणगौर उत्सव धमतरी में भी मारवाड़ी राजस्थानी गौड़ समाज की महिलाओं द्वारा उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व होली के रंगोत्सव धुलेड़ी से शुरू होकर लगभग 16 दिनों तक चलता है और नवरात्रि की तृतीया तिथि को इसका समापन होता है। इस दौरान सुहागिन महिलाएं अपने वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं, वहीं कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए पूजा-अर्चना करती हैं।

गणगौर बिदोरा के इस पारंपरिक आयोजन अंतर्गत महिलाएं विशेष रीति-रिवाजों के साथ पूजा करती हैं। होली के बाद बसोड़ा (ठंडा भोजन) बनाकर शीतला माता की पूजा की जाती है। गुड़ला पूजा का भी विशेष महत्व होता है। प्रतिदिन शाम को महिलाएं एकत्रित होकर गणगौर के पारंपरिक गीत गाती हैं और नृत्य करती हैं, जिससे वातावरण भक्तिमय और आनंदमय बन जाता है।



इसी कड़ी में मंगलवार को धमतरी के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा गणगौर बिदोरा (गुड़ला) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक गणगौर गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया और हाउजी गेम का भी आनंद लिया।

मौके पर मंजू शर्मा, आशा श्रोती, नीला शर्मा, राहुतला , बरिष्ठ शर्मा, अर्चना चौबे पूर्व महापौर, हेमलता राजेरिया, प्रियंका शर्मा, पूजा शर्मा, प्रतिभा शर्मा, पूजा, आरती शर्मा, प्रीति शर्मा, दुर्गा बंदौरिया, अनामिका शर्मा, अनीता चौबे समेत बड़ी संख्या महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। यह आयोजन समाज में एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ।

# महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला : चौबे



- महिला दिवस पर फौजी भाइयों की पत्नियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेना और सुरक्षा बलों में सेवा दे रहे फौजी भाइयों की पत्नियों को स्मृति चिन्ह, श्रीफल और गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सांकरा स्थित जरही माता मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य श्रीमती चौबे मैडम रहीं, जबकि अध्यक्षता संतोषी विश्नोई ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू, जगदीश राम साहू, भोजराम साहू तथा सीआरपीएफ के जवान गिरिराज थे।

सम्मानित महिलाओं में संगीता साहू (नवागांव), ममता साहू (कंडेल), पिंकी साहू (बोड़रा), सीमा साहू (बोड़रा), कविता विश्वकर्मा (खरेंगा) और तारिणी (नवागांव) शामिल रहीं। सभी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए देश की सेवा में लगे जवानों के प्रति गर्व और आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला हैं। उन्हें जागरूक रहकर देश सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं में भाग लेते हुए अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करना चाहिए तथा परिवार में अच्छे संस्कारों को बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम सिंह साहू ने किया। इस अवसर पर बसंत कुमार, रोहित, डेरहाराम, नीलकंठ, होलाराम, सोमन, सुलोचना, सुलेखा, अली, शिवचरण, डाली, फागू और इंद्रजीत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्र में हाथकरघा और कुटीर उद्योग रोजगार का मजबूत माध्यम : टिकेश

- बानगर में हाथकरघा प्रशिक्षण का समापन, 20 हितग्राहियों को मिली करघा मशीन व प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ग्राम बानगर में छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग संचालनालय नवा रायपुर द्वारा समग्र हाथकरघा विकास योजना अंतर्गत चार माह के नवीन बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण उपसंचालक जिला हाथकरघा कार्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में बिहान बुनकर सहकारी समिति मर्यादित परखंदा के माध्यम से 20 हितग्राहियों को दिया गया था।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सरपंच संघ टिकेश साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हाथकरघा और कुटीर उद्योग रोजगार का मजबूत माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है और गांव की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने बुनकरों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और अपने कौशल को आगे बढ़ाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि सरपंच आनंद राम साहू, जनपद सदस्य श्रीमती कुलेश्वरी साहू तथा ग्राम विकास समिति बानगर के अध्यक्ष अशोक नेताम थे। इस अवसर पर जिला हाथकरघा कार्यालय रायपुर से पूर्णानंद चुरेन्द्र भी उपस्थित रहे। समिति ने बताया कि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से बुनकर समितियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 20 हितग्राहियों को हाथकरघा मशीन और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समिति प्रबंधक लोकेश कुमार साहू ने बुनकरों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की एमएसएमई योजना के तहत उद्यम पंजीयन, जेड सर्टिफिकेट, एनएचडीसी बुनकर कार्ड, बीमा सुरक्षा, वर्कशेड सह आवास, उन्नत उपकरण तथा बुनकरों के बच्चों को छात्रवृत्ति सहित उच्च शिक्षा के लिए भी छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष मिनेश्वरी साहू, संचालक मंडल के सदस्य तिलेन्द्र साहू, अयोध्या देवांगन, लीलेश्वर साहू, प्रशिक्षक डेहर लाल, जपं कुरूद की परियोजना अधिकारी सविता यादव, पीआरपी अनुपा लोन्हारे, धर्मेन्द्र साहू सहित समिति के बुनकर और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गायत्री परिवार ने खेली फूलों की होली



- मां गायत्री शक्तिपीठ धमतरी की प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी खिलेश्वरी किरण का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन कर जन्म शताब्दी संकल्पों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि गुरुदेव के सप्त क्रांति आंदोलन साधना, शिक्षा, नारी जागरण, स्वास्थ्य संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, कुरीति उन्मूलन, स्वावलंबन के साथ आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के साथ नशा मुक्त समाज की स्थापना पर विशेष कार्य करने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में तरुण किरण को आईएएस एवार्ड मिलने पर उनकी मां गायत्री शक्तिपीठ धमतरी की प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी खिलेश्वरी किरण को गायत्री मंत्र शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। श्रीमती किरण ने कहा कि गुरुदेव की उनके एवं उनके परिवार पर विशेष कृपा रही है। इसके बाद होली गीत गाकर नृत्य कर फूलों की होली खेली गई। ब्लाक समन्वयक उगेश बंसोर द्वारा सत संकल्प पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन युग पुरोहित नारायण कौशिक एवं आभार प्रदर्शन शेखन साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चेतन साहू, डा रामचंद्र मेश्राम, एलके यादव, रामआसरा साहू, दिलीप पटेल, पुरुषोत्तम निर्मलकर, अनुसुईया सिन्हा, सुशीला छाटा, शकुन कश्यप, गायत्री साहू, मकसूदन मेश्राम समेत अनेक गायत्री परिजन उपस्थित थे।

# खेलकूद में महिलाओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



- ज्ञान अमृत स्कूल में महिला दिवस पर मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति शांडिल्य राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत शिक्षिका धमतरी, विशेष अतिथि श्रीमती ज्योति लूनिया लायनेस क्लब धमतरी, श्रीमती पल्लवी बरडिया सहायक प्राध्यापक बी.सी.एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी थी। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने की।

इस अवसर पर बच्चों के माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम एवं गेम्स हुए। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रीति शांडिल्य ने कहा कि आज की महिला मां के रूप में बच्चों को शिक्षा, नैतिक मूल्य और आत्मविश्वास देती है। वह करियर और घर दोनों संभालते हुए बच्चों को आधुनिक चुनौतियों का सामना करने की तैयारी करती हैं। पल्लवी बरडिया एवं ज्योति लूनिया ने कहा कि आज महिलाएं सशक्त हैं। वह न केवल अपनी परिवार की धुरी है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार भी। प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि मां बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में पहले गुरु होती है आत्मविश्वास और अनुशासन प्रदान करती है। आज का कार्यक्रम महिलाओं की शक्ति उनके संघर्षों और समाज में उनके अमूल्य योगदान को समर्पित है। मंच संचालन शीतल सोनी एवं मुक्ति तिवारी ने किया।

# ढोल की थाप पर उड़े रंग गुलाल, कार्यकर्ता रंग में सराबोर रहे

**कुरूद।** भाजपा भखारा मंडल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह उत्साह और रंगों के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत एवं निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली खेली। ढोल की थाप और होली गीतों के बीच कार्यकर्ता रंगों में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, जनपद सभापति सिंधु बैस, आनंद यदु और मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा ने जनप्रतिनिधियों एवं संगठन से जुड़े लोगों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।



इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि अजय चंद्राकर जैसे दमदार नेतृत्व और समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर क्षेत्र तेज गति से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। हमें भी अपने क्षेत्र में ऐसा कार्य करना चाहिए जिसे लोग हमेशा याद रखें। पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सत्ता और संगठन में बेहतर तालमेल आवश्यक है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हरीश चंद्राकर, छत्रपाल बैस, रामस्वरूप साहू, हरख जैन ने भी सार्वजनिक जीवन के अपने अनुभव साझा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति पूजा सिन्हा, टिकेश्वरी देवांगन, चंद्रिका साहू, पूर्णिमा साहू, चोवाराम गंजीर, अभिषेक साहू, विजय गोस्वामी, मनोज कश्यप, चेतन और योगेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## गुहाननाला में गोंडवाना समाज का वार्षिक सम्मेलन 21 से

**नगरी।** आदिवासी गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी का तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 21 एवं 22 मार्च को उपक्षेत्र दुगली के ग्राम गुहाननाला में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में समाज की बैठक गुहाननाला में आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान तहसील अध्यक्ष द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुगली को सम्मेलन की जिम्मेदारी सौंपते हुए सप्तरंगी गोंडवाना ध्वज प्रदान किया गया। आगामी सम्मेलन में समाज की रीति-नीति, कला, साहित्य, संस्कृति तथा सामाजिक एकता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। धर्मांतरण, नशामुक्ति, शिक्षा जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्वानों द्वारा अपने विचार समाज के बीच प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन में सामाजिक प्रकरणों पर चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समाज की परंपराओं से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर संरक्षक श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, तहसील अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव, उपाध्यक्ष जोहरलाल चंद्रवंशी, जितेंद्र कुंजाम, भगवान सिंह नेताम, मयाराम नागवंशी, मोहन सिंह कुरूर, दलगंजन मरकाम,आर डी नेताम, सतरूपा तमोवंशी, राजकुंवर मंडावी सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस की कीमत बढ़ने से उपभोक्ता परेशान



**कोर्रा(भखारा)।** घरेलू गैस सिलेंडर रिफिल करवाना अब पहले से महंगा हो गया है। हाल ही में घरेलू गैस की कीमत में 60 की बढ़ोतरी कर दी गई है। पहले जो सिलेंडर 924 में मिल रहा था, अब उसकी कीमत बढ़कर 984 हो गई है। महंगाई के कारण पहले से ही कई परिवार गैस सिलेंडर का कम उपयोग कर रहे थे, ऐसे में कीमत बढ़ने से आम उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ गई है। सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों से भी उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन धारकों के लिए अब सात से अधिक सिलेंडर लेने पर सब्सिडी नहीं मिलेगी। इसके अलावा पहले जहां गैस सिलेंडर की बुकिंग 20 दिन बाद हो जाती थी, अब इसके लिए 25 दिन का इंतजार करना पड़ेगा। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतो में भी बढ़ोतरी की गई है, जो 115 से 144 तक महंगी हो सकती है। सात से अधिक सिलेंडर रिफिल कराने पर उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने का मैसेज भी भेजा जा रहा है। देश में करीब 31.3 करोड़ एलपीजी गैस उपभोक्ता हैं, लेकिन इनमें से लगभग 60 प्रतिशत लोग ही नियमित रूप से सिलेंडर रिफिल कराते हैं। बढ़ती महंगाई के कारण कई परिवार आज भी खाना बनाने के लिए लकड़ी या अन्य पारंपरिक ईंधन का सहारा ले रहे हैं। गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम जनता की चिंता बढ़ती जा रही है।

- अब गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए 25 दिन का इंतजार करना पड़ेगा

मां शीतला को ठंडाई जल, दही, कुमकुम, सिंदूर, चना दाल अर्पित कर मांगा आशीर्वाद

# अखंड सहस्त्र जलधारा अर्पण करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

दानीटोला स्थित मां शीतला मंदिर में बुधवार सुबह से ही आस्था और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। प्रातः 6 बजे से मंदिर में अखंड सहस्त्र जलधारा अर्पण की विशेष पूजा शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्तों ने मां शीतला के चरणों में जल अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और निरोग जीवन की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर जय मां शीतला के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा करते हुए मां शीतला को ठंडाई जल, दही, कुमकुम, सिंदूर, चना दाल और नारियल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई, जिसे बड़ी संख्या में भक्तों ने ग्रहण किया।

आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के महासंरक्षक परमेश्वर फुटान, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद धीवर, जेपी अग्रवाल परिवार, सचिव सोहन धीवर, कोषाध्यक्ष सोनू नाग सहित समिति के सदस्यों ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर राजकुमार फुटान, यशवंत कोसरिया, दुर्गेश रिगरी, तीरथ फुटान, गुड्डू हिरवानी, निर्मल फुटान और बसंत नाग सहित अनेक श्रद्धालु व्यवस्था संभालने में जुटे रहे। पूरे दिन मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और धार्मिक वातावरण कायम रहा।

### माता देवालय में सहस्त्रधारा अभिषेक कर सुख-शांति मांगी





शीतला अष्टमी के अवसर पर दानीटोला बस्ती स्थित माता देवालय में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान मां शीतला मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक एवं जलाभिषेक कर विभिन्न रोगों की शांति तथा ग्राम, वार्ड और विश्व की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की गई। सैकड़ों वार्डवासियों ने माता शीतला के दरबार में जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। माता सेवा मंडली एवं पंचगणों द्वारा विधि-विधान से पंचोपचार पूजन कर मां शीतला से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर संतोष निषाद, फूलजी साहू, गौचरण साहू, संतोष साहू, शत्रुघ्न साहू, देव कुमार साहू, मंत्रेश्वर साहू, भोजराज साहू, दुष्यंत साहू, गोवर्धन निषाद, घनश्याम ध्रुव, राजेन्द्र नाग, श्रीमती देवकी नाग सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## खुले ट्रांसफार्मर से खतरे की घंटी



- करंट लगने का डर, बच्चों और मवेशियों की जान पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर के कई इलाकों में खुले पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर लोगों और मवेशियों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में ट्रांसफार्मरों के टूल बॉक्स खुले रहने से करंट लगने की आशंका बनी हुई है। जमीन से महज दो-तीन फीट ऊंचाई पर लगे इन ट्रांसफार्मरों तक छोटे बच्चों की भी आसानी से पहुंच हो सकती है, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा अधिकांश ट्रांसफार्मरों को कवर से ढंका गया है, लेकिन कुछ स्थानों पर अब भी ट्रांसफार्मर खुले पड़े हैं। वार्डवासी समय लाल नेताम, ओंकार पटेल, धीरज जोशी और कामता नौरंगी ने बताया कि कई जगह ट्रांसफार्मरों के तार भी नीचे की ओर लटकते दिखाई देते हैं, जो किसी भी समय हादसे का कारण बन सकते हैं।

### सुरक्षा जाली लगाने की मांग

लोगों का यह भी कहना है कि कई बार कुछ असामाजिक तत्व ट्रांसफार्मर के कवर को खोलकर फेंक देते हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग से सभी ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित तरीके से कवर करने, चारों ओर सुरक्षा जाली लगाने और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

### शीघ्र कार्रवाई की मांग

नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसे में लोगों और मवेशियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभाग से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



- पार्षद कोमल ने भेंट की ब्लड प्रेशर मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सामुदायिक भवन में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन दीदियों की उपस्थिति में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। महतारी वंदन सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्यामतराई की हितग्राही मातृशक्ति से फोन वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और महिलाओं के योगदान की सराहना की। ब्राह्मण पारा वार्ड के पार्षद कोमल सार्वा ने अपने वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिन दीदियों को आरोग्य सेवा समिति के लिए निःशुल्क ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिक ब्लड प्रेशर मशीन भेंट की।

इस पहल से प्रसन्न होकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेणुका सोनी, मितानिन सावित्री कुम्भकार, उर्वशी कुम्भकार, आरोग्य सेवा समिति की सदस्य तुलेश्वरी रजक, सेवती रजक, हेमीन देवदास, ममता कुम्भकार सहित महिला एवं बाल विकास विभाग ने पार्षद का आभार व्यक्त किया।

# बौद्ध महासभा ने मांगा महाबोधी महाविचार का पूर्ण प्रबंधन



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भारतीय बौद्ध महासभा ने बोधगया माहबोधी महाविहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्धों को सौंपने की मांग की है। मंगलवार को भारतीय बौद्ध महासभा ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है कि बोधगया महाबोधी विहार जहां सिद्धार्थ गौतम अपनी कठिन साधना से तथागत सम्यक सम्बुद्ध बने और अपने ज्ञान को पूरे विश्व में फैलाकर शांति का उपदेश दिया। भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष दीपक वैद्य, सचिव राकेश रंगारी ने बताया कि हमारा देश धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहां सभी धर्म, मजहब के लोग निवास करते हैं। यही हमारे देश की सबसे बड़ी विशेषता है। हिन्दू अपने मंदिर में, मुस्लिम मस्जिदों में, क्रिश्चयन गिराजाघरों में, सिख गुरुद्वारों में पूजा करते हैं, लेकिन बोधगया में बौद्धों का यह अधिकार नहीं है। बोधगया महाबोधी विहार पूरे विश्व में बौद्धों का एकमात्र पवित्र स्थान है। जहां पर गैर बौद्ध अपना अधिकार जमाकर बैठे हैं। ऐसा उदाहरण किसी देश में नहीं है।

ज्ञापन में कहा है कि एक साल से पूरे देश में बोधगया महाबोधी विहार मुक्ति के लिए बौद्ध अनुयायियों द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। आज उसका 392वां दिन है। महासभा ने महाबोधी विहार को बौद्धों के हाथों में पूर्ण प्रबंधन का अधिकार सौंपने की मांग की है।

## पेंशनर समाज को मिली फाइबर चेयर

**नगरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पेंशनर भवन नगरी में पेंशनर्स समाज द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपनी अध्यक्ष निधि से पेंशनर समाज के सामुदायिक भवन के लिए 100 नग फाइबर चेयर प्रदान की। अपनी अध्यक्ष निधि से साइकिल स्टैंड हेतु 200000 रूपए देने की घोषणा की। ज्ञात हो कि पेंशनर समाज द्वारा पूर्व में एक मांग पत्र के माध्यम से भवन में कुर्सियों की कमी से अवगत कराया गया था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने महिला दिवस के अवसर पर चेयर उपलब्ध कराई। इसके साथ ही उन्होंने पेंशनर समाज सामुदायिक भवन के सामने लगभग 2 लाख की लागत से टिन शेड, मोटरसाइकिल स्टैंड निर्माण कराने की भी घोषणा की। इस अवसर पर पेंशनर समाज के सदस्यों ने नगर पंचायत अध्यक्ष का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

# आयुक्त एवं उपायुक्त ने नक्शा सर्वे कार्य का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा द्वारा शहर के मकेश्वर वार्ड में चल रहे नक्शा सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सर्वे टीम से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और सर्वे कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि नक्शा सर्वे के माध्यम से वार्ड के भवनों एवं संपत्तियों का सही रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे नगर निगम को योजनाओं के क्रियान्वयन और नागरिक सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी। उन्होंने सर्वे टीम को कार्य में पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उपायुक्त पीसी सार्वा ने भी मौके पर मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए सर्वे कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने की बात कही। निरीक्षण के समय सर्वे टीम के कर्मचारी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# संगठन के रचनात्मक कार्यों में सक्रिय सहभागिता की बनी सहमति

संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय सहभागिता की बनी सहमति



**धमतरी।** जिले के अकलाडोंगरी डुबान जोन क्षेत्र में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ की बैठक जिला अध्यक्ष गेवाराम नेताम एवं तहसील धमतरी कार्यकारी अध्यक्ष राहुल सिंह नेताम , किशन मंडावी, धर्मराज मंडावी, सोनसीर नेताम की उपस्थिति में हुई। जिलाध्यक्ष गेवाराम नेताम ने संघ की प्रमुख संवैधानिक मांग पदोन्नति में आरक्षण बहाल करने, स्थानीय भर्ती बहाल करने, बैकलॉग भर्ती जारी करने, फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारकों पर कार्यवाही करने, छात्रवृत्ति हेतु ढाई लाख की सीमा बंधन को शिथिल करने सहित प्रमुख संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। क्षेत्र के अजजा संवर्ग के कर्मचारियों- अधिकारियों को संगठन से जोड़ने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही संगठन द्वारा भविष्य में अपनी मांगों के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहने का भी आह्वान किया गया। अजजा संवर्ग के अधिकारी कर्मचारियों को अपने-अपने सामाजिक संगठनों में भी रीति-रिवाज, परंपरा, संस्कृति, संवैधानिक अधिकार के लिए जुड़कर काम करने की अपील की गई। इस अवसर पर संगठन के सदस्य करण सिंह तारम, राधेश्याम कावड़े, मोरध्वज कंवर, घनश्याम कावड़े, पंचराम उइके, तुलसीराम सलाम समेत अन्य मौजूद थे।

# मंदर माई मंदिर में सैकड़ों ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- नवरात्रि पर आस्था का उमड़ेगा सैलाब



बांसपारा स्थित प्राचीन मंदर माई मंदिर में इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर 19 मार्च से ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसके लिए मंदिर समिति द्वारा पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कर माता मंदर माई से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे।

मंदिर के पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि इस वर्ष मनोकामना ज्योति कलश के लिए घी ज्योति का अंशदान 1200 रुपये तथा तेल ज्योति के लिए 900 रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक श्रद्धालु 19 मार्च की शाम तक मंदिर में पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

बांसपारा का यह प्राचीन मंदर माई मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र है। नवरात्रि के दौरान यहां हर वर्ष सैकड़ों ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होते हैं और माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठता है। नवरात्रि के दिनों में मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन भी होते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

नवरात्रि के समापन पर ज्योति कलश विसर्जन की भव्य झांकी भी निकाली जाती है, जो शहर में विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं।




कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने जिला साहू संघ की हुई बैठक

# कर्मा जयंती पर निकलेगी बाइक-कार रैली

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



जिला साहू संघ की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार 11 मार्च को जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कुरूद विधानसभा के पूर्व विधायक लेखराम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जिले भर से आए पदाधिकारियों और तहसील अध्यक्षों की उपस्थिति में आगामी संत माता कर्मा जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए विभिन्न प्रस्ताव और कार्ययोजना तय की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 मार्च को संत माता कर्मा के जन्मोत्सव पर जिला साहू संघ के संयोजन में भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जबकि दोपहर 3 बजे बाइक और कार रैली का आयोजन होगा। इसके लिए जिले के प्रत्येक गांव से कम से कम 20 युवकों को मोटरसाइकिल के साथ एकलव्य खेल परिसर में एकत्रित होने का आह्वान किया गया है। यहां से सभी श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे, जिसके बाद रैली सदर बाजार होते हुए अर्जुनी चौक तक जाएगी और रुद्री रोड स्थित भक्त कर्मा माता की प्रतिमा स्थल पहुंचकर पूजा-अर्चना के बाद हेरिटेज भवन तक प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम के अंत में समाज द्वारा फिल्मी कलाकारों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि समाज के सहयोग से कई सामाजिक कार्य संभव हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके जिला अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था, जिसके लिए धमतरी जिले को शासन द्वारा विशेष पुरस्कार भी मिला था। उन्होंने समाज के लोगों को आयोजित होने वाली कर्मा जयंती रैली को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने जिला साहू संघ धमतरी के कार्यालय के लिए 100 कुर्सियां देने की घोषणा की।

बैठक में उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, महामंत्री विजय साहू, कोषाध्यक्ष संत कुमार, किरण लोकेश्वर साहू, कमलेश्वर साहू, अरुण साहू अध्यक्ष जिला युवा प्रकोष्ठ, वीरेंद्र साहू, यशवंत साहू, निर्मला साहू, रेखा साहू, अनीता साहू, रोशन साहू, लीलाराम साहू, घनाराम साहू, व्यापारी संघ जिला अध्यक्ष सीमंत साहू, तहसील सचिव हिरेंद्र साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जागृति साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।




